तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



2 बस्तर राइजिंग कोंडागांव की कला संस्कृति और....





4 नदी पार कर नियद नेल्लानार ग्राम बेलनार, बंगोली पहुंचे ...




## खबर संक्षेप



### गंगामुंडा चौपाटी से हटाई गई चिकन की दुकानें

**जगदलपुर।** गंगामुण्डा तालाब चौपाटी के समीप रोहित नाग निवासी गांधी नगर वार्ड के द्वारा अवैध रूप से तलाब बंड के ऊपर शासकीय जगह पर 4 दिनों से चिकन दुकान का संचालन किया जा रहा था। छठ महा पर्व को देखते हुए उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार का मांसाहारी से संबन्धित कोई व्यवसाय न हो। अतिक्रमण स्थल से मांसाहार की दुकान को हटाने कहा गया। साथ ही उक्त संचालित दुकान को संजय मार्केट परिसर में लगाने स्थल उपलब्ध कराया जावेगा। जिस पर अतिक्रमण धारी के द्वारा निर्देश को ना मानते हुए दुकान को नहीं हटाया गया। इस संबंध में बोधघाट थाना को पत्र लिखकर पुलिस बल ले जाकर अतिक्रमण को हटाया गया। नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी राकेश यादव ने यह जानकारी दी है।

### नीलामी पद्धति से रेत खदान आबंटन 16 को

**जगदलपुर।** खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-निलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। ई-निलामी से संबंधित प्रक्रिया निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोलीकतार्ओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी आर्हताधारी बोलीकतार्ओं का चयन, लॉटरी प्रकिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही पोर्टल के माध्यम से किया जावेगा। पोर्टल के विषय में बस्तर संभाग के लिए खनिज अधिकारी एवं इच्छुक बोलीकतार्ओं हेतु प्रशिक्षण 16 अक्टूबर को शहीद गुण्डापुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावण्ड जगदलपुर के सभागार में किया गया है।

### नक्सल पीड़ित और अनाथों को प्राचार्य कराएंगे भोजन

**जगदलपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के प्राचार्य जी शिवा रेड्डी 16 अक्टूबर को नक्सल प्रभावित इलाकों के नक्सल पीड़ित व अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियां मनाएंगे। वे बच्चों संग हवन पूजन गायत्री विद्यापीठ गुरुकुल तितिरगांव में करने के पश्चात बच्चों को भोजन कराएंगे।

### किरंदुल परियोजना को मिला प्लेटिनम अवार्ड



**किरंदुल।** एनएमडीसी की वृहद एवं महत्वपूर्ण लौह अयस्क खान किरंदुल कॉम्पलेक्स के रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक के निर्देश में किरंदुल परियोजना की खदानों, आवासीय कॉलोनियों, पार्कों में पर्यावरण शेष पेज 2 पर

# बस्तर व बकावंड ब्लाक में सर्वाधिक गड़बड़ी, महतारी वंदन योजना में 20 हजार के नाम कटे

## करदाता, जनप्रतिनिधि, अविवाहित महिलाओं के नाम जुड़े थे, जांच के बाद छंटनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में 1 लाख 94 हजार 510 महिला हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा था। जांच के बाद योजना में ऐसे महिलाओं के नाम सूची में जोड़ा गया जो अपात्र के श्रेणी में थे। सूची की सूक्ष्मता से जांच के बाद बस्तर में लगभग 20 हजार महिला हितग्राहियों के नाम छंटनी किया गया। सूची में छंटनी के बाद अब जिले में 1 लाख 72 हजार 234 हितग्राही महिलाओं को इस योजना का हर माह लाभ मिल रहा है। महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिन्हा के मुताबिक महतारी वंदन योजना के तय नियम अनुसार जो महिला करदाता है एवं जनप्रतिनिधि अथवा उनकी पत्नी है, अविवाहित है शासकीय सेवक है, ऐसे हितग्राही महिलाओं को योजना में सम्मलित नहीं हो सकती। सूची का अद्यतन के बाद लगभग 20 हजार हितग्राहियों के नाम डिलीट किए गए। विभाग सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सितंबर माह में इस योजना के पात्र 2157 हितग्राहियों की राशि खाते में जमा नहीं हुई है।

### बस्तर और बकावण्ड में ज्यादा गड़बड़ी

*विभागीय सूत्रों के अनुसार महतारी वंदन योजना में समूचे जिले में योजना के प्रारम्भ में 1 लाख 94 हजार 510 हितग्राही महिलाओं के नाम सम्मलित किये गए थे। जब सूची की जांच कर हितग्राहियों में सर्वे किया गया तो गड़बड़ी का खुलासा हुआ। जिले में सबसे ज्यादा गड़बड़ी बस्तर एवं बकावण्ड ब्लाक में अपात्र हितग्राहियों महिलाओं के नाम जुड़े थे,जो योजना के नियम अनुसार अपात्र थी। ऐसे हितग्राहियों के नाम की छंटनी की गई।*




### सूची अद्यतन में अपात्र हितग्राहियों के नाम हटाए जा रहे

योजना की सूची का लगातार अद्यतन किया जा रहा है। जिसमे अपात्र हितग्राहियों के नाम का खुलासा हो रहा है। यही कारण है कि अपात्र की पुष्टि होने के बाद ऐसे नामो की छंटनी की जा रही है। यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। पात्र हितग्राहियों को योजना का हर माह लाभ मिले और उनके खाते में राशि जमा हो इस पर गम्भीरता से पहल किया जा रहा है। एक भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित न होना पड़े इस पर कार्य किया जा रहा है।

-**मनोज कुमार सिन्हा**, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बस्तर

## हादसा : एरिया डामिनेशन पर निकले थे जवान तभी हुआ ब्लास्ट

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के पुजारी कांकेर की घटना

# प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से कोबरा बटालियन का जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एरिया डामिनेशन पर निकले कोबरा 206 बटालियन का हेड कांस्टेबल नक्सलियों के लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवान को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामला बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र का है वहीं ब्लास्ट के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक मामला उसूर थाना क्षेत्र के पुजारी कांकेर क्षेत्र की है जहां शनिवार को माओवादियों के लगाए गए प्रेशर आइईडी में विस्फोट होने से कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है। घटना उस समय हुई जब एफओबी पुजारी कांकेर से कोबरा 206 बटालियन की टीम एरिया डामिनेशन ड्यूटी पर निकली थी। सुरक्षा बलों ने घायल जवान को तत्काल मौके से सुरक्षित निकालकर बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान की हालत अब सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। सुरक्षा बलों ने घटना स्थल के आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अचानक हुए धमाके से इलाके में हलचल मच गई साथी जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए घायल कोबरा बटालियन 206 टीम नंबर 11 के हेड कांस्टेबल दीपक दूले को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और प्राथमिक उपचार किया, इसके बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। एसपी बीजापुर डॉ जीतेन्द्र यादव ने बताया कि घायल जवान की हालत सामान्य और खतरे से बाहर है। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है ताकि माओवादियों के मूवमेंट का पता लगाया जा सके।



### नक्सलियों की हताशा

एसपी ने कहा नक्सलियों की यह हरकत उनकी हताशा को दशार्ती है। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को लगातार मिल रही सफलता से नक्सली हताशा में घटना को अंजाम दे रहे है। जिले में सुरक्षाबलों द्वारा क्षेत्र को माओवादियों से मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा हैं। इस वर्ष नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दर्जनों ग्रामीण बच्चे, महिला व मवेशी घायल हो चुके है। सुरक्षाबलों द्वारा इलाके से लगातार प्रेशर आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया जा रहा है।

### आईडी किया निष्क्रिय, संदेह में 5 पुरुष एवं 1 महिला गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 10 अक्टूबर को मंगनार रोड के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति की मुखबिर से सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुंभकार के नेतृत्व में निरीक्षक संजय ऊरसा के साथ थाना बारसूर, डीआरजी एवं सीआरपीएफ का संयुक्त बल मौके पर रवाना हुआ। मौके पर 6 संदिग्ध व्यक्तियों ने छिपने का प्रयास किया, जिन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने नक्सली गतिविधियों में शामिल होने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपीगण में अनिल उर्फ कचनू सलाम 30 वर्ष निवासी नेण्डु वाया, थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव, जमुना उर्फ जयमती मंडावी 26 वर्ष निवासी पदनार थाना बारसूर जिला बीजापुर, सन्नु राम कश्यप 20 वर्ष निवासी कहचेनार पटेलपारा थाना मालेवाही, जिला बस्तर, मनीष कश्यप 19 वर्ष निवासी कहचनार नयापारा थाना मालेवाही, जिला बस्तर, हरिराम कश्यप 18 वर्ष निवासी कहचनार कालेपारा थाना मालेवाही, जिला बस्तर तथा सुलाराम कश्यप 22 वर्ष निवासी कहचनार पटेलपारा, थाना मालेवाही जिला बस्तर। इनसे बरामद सामग्री में 5 किलोग्राम का प्रेशर आईईडी जिंदा फावड़ा, सब्बल एवं अन्य नक्सली सामग्री मिले हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि शेष पेज 2 पर



# स्वदेशी ही सशक्त भारत की पहचान है : केदार कश्यप




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ स्वदेशी मेले का हुआ समापन

स्वदेशी मेला का शुक्रवार शाम भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरक शक्ति है। जब तक हम अपने उत्पादों, अपने कारीगरों और अपनी संस्कृति पर गर्व नहीं करेंगे तब तक सशक्त भारत का सपना अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आज देश का हर नागरिक अपनाने लगा है। यह देखकर गर्व होता है कि बस्तर जैसी धरती पर स्वदेशी मेला जैसे आयोजन आत्मनिर्भरता की भावना को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। मंत्री कश्यप ने कहा कि नारी शक्ति यदि स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाएगी तो भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता। स्वदेशी मेले के समापन अवसर पर पूरा परिसर भारतीय संस्कृति की सुगंध और स्वदेशी भावना से सराबोर दिखा। हर ओर लोकधुनों की मधुर गूंज और स्वदेशी उत्पादों की झलक ने वातावरण को भावनात्मक बना दिया। केदार कश्यप ने मेला आयोजन समिति और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप शेष पेज 2 पर

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महापौर एवं स्वदेशी मेले के सचिव संजय पाण्डे, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच डॉ. राम राकेश जांगिड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा मिश्रा, सभापति खेमसिंह देवांगन, मेला सह संयोजक लक्ष्मण झा एवं देवेन्द्र देवांगन, कल्पना शर्मा, प्राची गर्ग, विनायक बेहरा, शशिनाथ पाठक सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# चित्रकोट जलप्रपात से पैर कटा शव बरामद, एक दिन पूर्व मिला था पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शव की नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस कर रही प्रयास

■ लोहण्डीगुड़ा पुलिस कर रही मामले की जांच

चित्रकोट जलप्रपात से पुलिस ने एक शव बरामद किया है। शव का एक पैर एक दिन पूर्व तिरथा से बरामद किया गया था। पुलिस शव बरामद कर मामले की जांच कर रही है। चित्रकोट जलप्रपात में शव मिलने से हड़कंप मच गया है।

ग्रामीणों ने शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक दिन पूर्व पुलिस ने इसी जलप्रपात से एक मानव पैर बरामद किया था। पुलिस ने शुक्रवार सुबह तिरथा व नारायणपाल के बीच इंद्रावती नदी में एक मानव पैर पाया गया था ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पैर को जब्त करते हुए उसे मेकाज भेज दिया था। वहीं शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया कि चित्रकोट जलप्रपात के ऊपर हिस्से में औधे मुंह एक शव देखा गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ने देखा तो शव का एक पैर नहीं था। शव कई दिनों से पानी में रहने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सका है। शव की शिनाख्त के लिए फोटो आसपास के क्षेत्रों की पुलिस चौकी और थाने को सूचना दी गई है। पुलिस ने जो मानव अंग को बरामद किया था उसे भी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि शनिवार को मानव शरीर चित्रकोट के ऊपर पाया गया है। साथ ही गुम युवकों के परिजनों को बुलाकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# दुर्ग और बस्तर का कई खेलों में रहा दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तीन दिवसीय डी.ए.वी. राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में खिलाड़ियों का जोश चरम पर रहा। प्रदेश के विभिन्न क्लस्टरों से आए विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, शॉटपुट, गोला फेंक, लंबी कूद, तीरंदाजी, क्रिकेट, तवा फेंक और ऊंची कूद में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया जिससे खेल का स्तर ऊंचा उठा। सभी प्रतिभागियों ने उच्च खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं में दुर्ग और बस्तर का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। दुर्ग क्लस्टर ने कई महत्वपूर्ण स्पधार्ओं में जीत हासिल कर अपना दबदबा बनाया। खो-खो बालिका बस्तर , दुर्ग, खो-खो बालक बस्तर, रायगढ़, कबड्डी बालक सरगुजा, बीजापुर कबड्डी बालिका दुर्ग, बस्तर, बास्केटबॉल बालक दुर्ग, कोरबा, क्रिकेट विजेता दुर्ग, बस्तर, हैंडबॉल विजेता दुर्ग, रायगढ़, कराटे (45-50 किग्रा) विजेता दुर्ग ।

मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन होगी कड़ी कार्रवाई

# अपर संचालक से की अभद्रता सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय नवा रायपुर में अपर संचालक संजीव तिवारी के साथ हुई अभद्रता, झूमा-झटकी, गाली-गलौज और तोड़फोड़ की घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि पत्रकारिता की आड़ में भयादोहन और ब्लैकमेलिंग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह मांग की कि राज्य में शासकीय सेवकों की सुरक्षा हेतु एक सशक्त कानून बनाया जाए ताकि अधिकारी और कर्मचारी भयमुक्त होकर जनहित के कार्य कर सकें तथा असामाजिक तत्वों को कठोर दंड मिल सके। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद तंबोली ने कहा कि शासकीय कार्यालय में घुसकर हिंसक व्यवहार, झूमा-झटकी, गाली-गलौज और घर जाकर मारने की धमकी देना अस्वीकार्य है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अभद्रता करने वाले तत्वों के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न मामलों में कार्रवाई की गई है और दंडात्मक प्रकरण दर्ज हुए हैं। ऐसे व्यक्ति पत्रकारिता की आड़ लेकर अधिकारियों को खुलेआम धमका रहे हैं जिन पर कड़ी कारवाई आवश्यक है। मुख्यमंत्री साय ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया की निश्चिन्त रहे कार्रवाई अवश्य होगी। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और राज्य सरकार इस प्रकार की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जे. एल. दरियो, उमेश मिश्रा, संयुक्त संचालक पवन गुप्ता, उपसंचालक घनश्याम केशरवानी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और प्रश्न मंच में महिलाओं ने भाग लेकर पाया पुरस्कार

# बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं माताओं की गोद भराई रस्म की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले के फरसा गुड़ा ग्राम में आज पोषण माह के अवसर पर विशेष लोकसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, सरपंच गणेश कश्यप तथा महिला एवं बाल विकास विभाग बस्तर की परियोजना अधिकारी सावित्री बघेल की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर महिलाओं के लिए दो वर्गों में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिससे ग्राम की महिलाओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में पोषण आहार विषय पर प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया। जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई रस्म भी संपन्न हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें हीमोग्लोबिन टेस्ट सहित अन्य चिकित्सकीय परीक्षण किए गए। शिविर में लगभग 100 ग्रामीणों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त पोषण संबंधी जानकारी देने के लिए पोषण जागरूकता स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा करते कहा कि सही पोषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी आवश्यक है। बस्तर लोक कला समिति नानगुर के कलाकार धीरनाथ बघेल ने लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। वहीं सुपरवाइजर सुनीता रामटेक ने पोषण आहार पर जनजागरूकता गीत प्रस्तुत किया। सुपरवाइजर सुधा श्रीवास्तव ने पोषण माह की अवधारणा और उद्देश्यों पर जानकारी दी। संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो के शशांक शेण्डे ने किया।





एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें

16 अक्टूबर 2025 (गुरूवार) को जगदलपुर में



छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. सतीश सूर्यवंशी

MD, DM (Cardiology)

स्थानः- एम.पी.एम. हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)

दिनांकः- 16 अक्टूबर 2025 (गुरूवार) समयः दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक

एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा

समस्त हृदय रोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध

SECL, ESIC, CSEB से मान्यता प्राप्त

पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-

9993309922/8120991117/8109229030



Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9039855001/9039855002

www.smchospital.in

#Rajesh

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आयोजन

**कोण्डागांव।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में बालिकाओं ने एक रंगोली बनाई, जिसमें बालिकाओं की सुरक्षा, सक्षमता, और ऊंची उड़ान के प्रयासों को रेखांकित किया गया है। जिसे सभी ने सराहा। इस मौके पर संस्था के समस्त छात्र छात्राएं, प्राचार्य जमील खान, मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार ,उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग,चंद्रा रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहे।

### दो कारों में हुई भिड़ंत बाल-बाल बचे 12 लोग



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 बोरगांव के पास शनिवार को दोपहर करीब 2 इनोवा कार और स्विफ्ट कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद इनोवा कार तालाब में जा घुसी। इनोवा कार में डेढ़ माह के बच्चे से साथ कुल 12 लोग सवार थे। गनीमत रही कि सभी बाल बाल बच गए। दुर्घटना में दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी अनुसार इनोवा में सवार लोग रायपुर निवासी है, जो शादी समारोह में शामिल होने कोंडागांव जा रहे थे। वही स्विफ्ट कार में सवार व्यक्ति जगदलपुर से रायपुर जा रहा था। घटना के सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल में पहुंच दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी गई। बताया जा रहा है कि जर्जर सड़क के चलते यह हादसा हुआ है।

# जिया, दिव्यांशी और दिलेश्वर टेबल टेनिस खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दुर्ग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी जिया बंजारे, दिव्यांशी और दिलेश्वर देवांगन का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी अब छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय मुकाबले में कोंडागांव टेबल टेनिस संघ के खिलाड़यों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। 14 वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता कु. जिया बंजारे। 14 वर्ष बालक वर्ग में उपविजेता काव्यांश पारख। 17 वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता कु. दिव्यांशी। 19 वर्ष बालक वर्ग में उपविजेता दिलेश्वर देवांगन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और खेल कौशल से रजत पदक हासिल कर बस्तर संभाग और कोंडागांव जिले का नाम गौरवान्वित किया। इन सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सेवानिवृत्त शिक्षक एवं राष्ट्रपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कोच आर.के. जैन द्वारा दिया जा रहा है। अब तक उनके मार्गदर्शन में 117 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और 800 से अधिक खिलाड़ी राज्य व ओपन प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। जिया बंजारे, दिव्यांशी और नंदिनी गुप्ता ब्लॉक कॉलोनी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से, दिलेश्वर देवांगन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव से, और अन्य खिलाड़ी जैसे काव्यांश पारख, सुशांत देवांगन, अर्जुन यादव, हिरण्या सागर सेजेस जामकोटपारा विद्यालय से हैं।

## टेटे के तीन सितारे : कोंडागांव के खिलाड़ी करेंगे राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



### प्रशिक्षक और अभिभावकों को भी दी गई बधाई

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिलेभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। माँ दंतेश्वरी अकादमी की कु. कुमुद यादव, उनकी प्रशिक्षक अंजली ठाकुर तथा अभिभावक विकास गजवल्ला को भी बधाई दी गई। ऑफिशियल सौरभ मडावे और अनीश यादव ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ के सदस्यों मोहम्मद यासीन, मोहन कोटडिया, सुरेश संचेती, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. दीपक सेठिया, डॉ. शिल्पा देवांगन, श्रीमती ज्योति जैन, रितेश संचेती, दीपक पारख, विजेंद्र साहू, हर्ष लाहोटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। साथ ही प्राचार्य शिवलाल शर्मा, एन.के. नायक, बी. जॉन, एवं अन्य शिक्षकों ने भी छात्रे की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

### बस्तर संभाग का बढ़ा गौरव

कोंडागांव के इन युवा खिलाड़ियों ने न केवल जिला बल्कि पूरे बस्तर संभाग का नाम रोशन किया है। अब सभी की निगाहें राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर हैं, जहाँ ये खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन से छत्तीसगढ़ का परचम पूरे देश में लहराने को तैयार हैं।जिला टेबल टेनिस संघ के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर स्थानीय खेल प्रेमियों व डा.राजाराम त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बस्तर की परंपरा, शिल्प और रचनात्मकता को राष्ट्रीय पहचान देने की पहल

# बस्तर राइजिंग कोंडागांव की कला संस्कृति और संभावनाओं की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बस्तर की मिट्टी, मेहनत और प्रतिभा अब नई पहचान गढ़ रही है। छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग और बस्तर संभाग के जिला प्रशासन की संयुक्त पहल बस्तर राइजिंग के तहत कोंडागांव में सांस्कृतिक और रचनात्मक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। यह कारवां केवल एक सांस्कृतिक यात्रा नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा, उसकी कला, परंपरा और लोकजीवन की गाथा को विश्व पटल पर स्थापित करने की पहल है। बस्तर राइजिंग टीम ने कोंडागांव प्रवास के दौरान जिले की पारंपरिक कला और शिल्प को नज़दीक से जाना। टीम का नेतृत्व प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटी के संस्थापक पृतुल जैन कर रहे हैं। उन्होंने कहा बस्तर की कहानी केवल संस्कृति नहीं, बल्कि रचनात्मक संभावनाओं की जीवंत प्रेरणा है। टीम ने प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्पकार अशोक चक्रधारी से मुलाकात की जिन्होंने मिट्टी को कला में बदलने की अद्भुत प्रक्रिया से सबको परिचित कराया। उन्होंने बताया कि किस तरह गूंथी हुई मिट्टी, तपन और धैर्य से मैजिक दीये जैसी अभिनव कृतियाँ बनती हैं। अशोक ने कहा यह कला केवल हाथों की नहीं, दिल और धैर्य की भी परीक्षा है। टीम ने तिघेल से भी भेंट की, जो रॉट आयरन से अद्भुत कलाकृतियाँ तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि यह कला उनके पूर्वजों से चली आ रही है, जब लोहा पत्थरों से निकाला जाता था। उन्होंने पारंपरिक अमुस तिहार हरेली की परंपरा साझा की, जिसमें घर के चौखटों पर लोहे की कील ठोककर नकारात्मक शक्तियों से रक्षा की जाती है।



■ टेराकोटा, रॉट आयरन और हर्बल फार्मिंग की अनोखी विरासत को मिला सम्मान

### प्राकृतिक खेती का प्रेरक मॉडल : डॉ. राजाराम त्रिपाठी

भ्रमण के दौरान टीम ने माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म में डॉ. राजाराम त्रिपाठी से भी भेंट की। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पाद, और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। टीम ने फार्म में काली मिर्च की नई किस्में, औषधीय पौधे और जैविक उर्वरक निर्माण प्रक्रिया को नज़दीक से देखा। डॉ. त्रिपाठी ने कहा क्लाइमेट चेंज अब हकीकत है, और इसका समाधान हमारी पारंपरिक खेती में ही छिपा है। टीम ने साथी संस्था के संस्थापक भूपेश तिवारी से भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे बस्तर के युवाओं, शिल्पकारों और कलाकारों को पर्यटन और संस्कृति से जोड़कर आजीविका के नए अवसर दिए जा सकते हैं।

### सीएम की जनभागीदारी पर आधारित विकास अवधारणा से जुड़ी पहल

बस्तर राइजिंग कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनभागीदारी आधारित विकास अवधारणा से प्रेरित है। इसका उद्देश्य है बस्तर की कला और परंपरा को केवल विरासत नहीं, बल्कि आजीविका और सम्मान से जोड़ना। कोंडागांव की धरती जहाँ टेराकोटा और रॉट आयरन जैसी पारंपरिक कलाओं की जननी है, वहीं यहाँ की प्राकृतिक खेती और सामाजिक नवाचारों ने इसे बस्तर राइजिंग की आत्मा बना दिया है। यह पहल न केवल कलाकारों को मंच दे रही है, बल्कि बस्तर को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम है।

# जिपं उपाध्यक्ष ने किया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ग्राम बहिगांव स्थित प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में शुक्रवार की रात एक खास माहौल देखने को मिला। देर रात अचानक जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे बच्चों से आत्मीय बातचीत की, उनकी पढ़ाई, रहन-सहन और भोजन की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

■ जिपं उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम ने छात्रावास में बच्चों से की आत्मीय बातचीत

नेताम ने छात्रावास परिसर में प्रवेश करते ही सबसे पहले साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्टल अधीक्षक से पूछताछ करते हुए छात्रों की उपस्थिति, रसोई की स्वच्छता और बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खुद किचन में जाकर भोजन की गुणवत्ता देखी और बच्चों से स्वाद और मात्रा के बारे में भी पूछा।

### छात्रों ने जताया आभार

छात्रों ने रात में आए अतिथियों का स्वागत किया और इस बात पर खुशी जताई कि कोई जनप्रतिनिधि उनके बीच आकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है। कई बच्चों ने बताया कि ऐसे दौरों से उन्हें प्रेरणा मिलती है और वे पढ़ाई में और मेहनत करना चाहते हैं।

### अधिकारियों को दिए सुधारात्मक निर्देश

निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को हिरासिंह नेताम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में नियमित रूप से साफ-सफाई, पेयजल और भोजन की गुणवत्ता की जांच होती रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए अतिरिक्त कोचिंग, योगा और खेल गतिविधियों जैसी पहलें लगातार जारी रखी जानी चाहिए, ताकि छात्र मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बन सकें।

# बालिकाओं ने शिक्षा, सशक्तिकरण और समानता पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कोण्डागांव में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य पी. एस. डेनियल ने की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी में पूजा नेताम, विमला नेताम, पूजा पटेल, मनीषा कुशवाहा, गरीमा वर्मा और अनुकल्प मिश्रा ने बालिका शिक्षा, सुरक्षा और समानता पर संदेशपूर्ण पोस्टर प्रस्तुत किए जिनमें समाज में परिवर्तन का स्पष्ट संदेश झलक रहा था। कविता वाचन सत्र में यमुना पटेल, हेमा नाग और अंकिता नायक ने बालिकाओं के आत्मसम्मान, संघर्ष और सपनों की उड़ान को हृदयस्पर्शी शब्दों में व्यक्त किया। भाषण प्रतियोगिता में डिंपल साहू और अखिलेश गायधने ने बालिका सशक्तिकरण के सामाजिक और नैतिक पहलुओं पर प्रभावशाली वक्तव्य दिए। विद्यालय की शिक्षिका त्रिवेणी बोस ने कहा ऐसे आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुणों को विकसित करते हैं जिससे वे समाज की प्रेरणा बन सकें। प्राचार्य पी. एस. डेनियल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि बालिका केवल परिवार की नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। उन्हें सशक्त बनाना हमारा परम कर्तव्य है।

### प्रतिभागी पुरस्कृत

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन ने विद्यालय परिसर में जागरूकता, प्रेरणा और उत्साह का वातावरण निर्मित किया, जो बालिकाओं के सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 601/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार बेसरा पिता फरकित बेसरा जाति- भतरा ग्राम कोलावल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादा स्व. सोमारू निवासी ग्राम कोलावल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक/ आवेदिका के दादा स्व. सोमारू पिता स्व. धनी ग्राम कोलावल का दिनांक 10/08/2010 को मृत्यु हुई है। आवेदक दिनेश कुमार बेसरा पिता फरकित बेसरा जाति भतरा ग्राम कोलावल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादा स्व. सोमारू जन्म प्रमाण पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13/10/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी, जिला- बस्तर (छ.ग.)**
**क्रमांक/क/तह./जन्म-मृत्यु/2025**
**भानपुरी दिनांक 08/10/2025**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका आसमती मौर्य पिता/पति स्व. मोटू राम जाति भतरा निवासी ग्राम सोनारपाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने माँ स्व. मालती पति स्व. मोटूराम की जन्म/ मृत्यु दिनांक 18.11.2021 को होना बताते हुए जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 24/10/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 08/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीक मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार भानपुरी**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 600/ब-121/2025-26


इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेपाल पिता स्व. रूपधर जाति भतरा ग्राम बडेजिराखाल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने निवासी ग्राम बडेजिराखाल तहसील करपाण्ड जिला बस्तर (छ.ग.) का जन्म प्रमाण पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. रूपधर पिता स्व. सुकमन ग्राम बडेजिराखाल का दिनांक 19/12/2014 को मृत्यु हुइ है। आवेदक नेपाल पिता स्व. रूपधर जाति भतरा ग्राम बडेजिराखाल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. रूपधर जन्म प्रमाण पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13/10/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

# राष्ट्रीय स्तर पर कोंडागांव को नीति आयोग का प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले ने एक बार फिर प्रदेश का मान बढ़ाया है। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोजित नीति फॉर स्टेट्स यूज़ केस चौलेंज अवॉर्ड्स में कोंडागांव को स्वास्थ्य एवं पोषण श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार जिले द्वारा लागू की गई अभिनव पहल गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की कमी लाने के लिए दिया गया। इस योजना के अंतर्गत डेटा आधारित विश्लेषण, नवीन हस्तक्षेप, सतत निगरानी और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से एनीमिया की दर में उल्लेखनीय कमी लाने में सफलता प्राप्त की गई।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को एलबीएसएनएए, मसूरी में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के निदेशक श्रीराम तरणीकांति के करकमलों से हुआ। जिले में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत संस्थाओं और समुदाय के संयुक्त प्रयास से यह नवाचार संचालित किया गया। गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पता की पहचान, नियमित फॉलोअप, पोषणयुक्त आहार वितरण और जनजागरूकता शिविरों के जरिए स्वास्थ्य में प्रभावी सुधार देखा गया।

### नीति आयोग ने माना आदर्श मॉडल

नीति आयोग ने कोंडागांव की इस पहल को आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के तहत एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में चयनित किया है जिसे अन्य राज्यों में भी लागू करने की सिफारिश की गई है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा यह सम्मान कोंडागांव की टीम भावना और सामुदायिक सहभागिता का परिणाम है। हमारा उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सतत सुधार लाना है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और सभी सहयोगी संस्थाओं के कार्य को सराहा।

# गुंडाधुर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आज माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जैविक खेती, औषधीय पौधों और प्राकृतिक खाद निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि बिना किसी रसायन और कीटनाशक के, खेत में ही तैयार वर्मी–कम्पोस्ट और जैविक खाद से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखी जा सकती है। यहाँ की तकनीकें न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं बल्कि किसानों के लिए अधिक लाभदायक भी साबित हो रही हैं। विद्यार्थियों की मुलाकात विश्वविख्यात कृषक एवं पर्यावरण योद्धा डॉ. राजाराम त्रिपाठी से हुई। सात बार देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का खिताब पाने वाले डॉ. त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा खेती को यदि हम व्यापार नहीं, संस्कार मानें, तो यही धरती हमारी सबसे बड़ी गुरु है। भ्रमण के दौरान गिलोय, स्टीविया, काली मिर्च और अन्य जड़ी–बूटियों की खेती की जानकारी दी गई। विशेष रूप से काली मिर्च की उच्च उत्पादन वाली नई वैरायटी एमडीबीपी–16 और प्लास्टिक रहित नेचुरल ग्रीनहाउस तकनीक को विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक जाना।



### धरती के सच्चे प्रहरी हैं डॉ. त्रिपाठी

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रलय के सदस्य और चैम्फ के चेयरमैन डॉ. त्रिपाठी ने हजारों आदिवासी परिवारों को औषधीय पौधों और जैविक खेती से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। उन्हें ग्लोबल ग्रीन वारियर" और अर्थ हीरो अवॉर्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम ने कहा कि सच्ची हरियाली खेतों में नहीं, विचारों में होती है। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. किरण नुरेटी ने माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म को छत्तीसगढ़ का ही नहीं, पूरे देश का गौरव बताया।

## पेज 3 के शेष

### आईडी किया निष्क्रिय....

उन्होंने मंगनार रोड पर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाया था। बरामद आईईडी को निष्क्रिय किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बारसूर में धारा 61(2)(क), 190, 191(2) बीएनस 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर तथा आरके बर्मन के मार्गदर्शन में यह सर्चिंग अभियान चलाया गया।

### स्वदेशी ही सशक्त ....

से सहयोग देने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रबंधक भारतीय विपणन विकास केन्द्र सुब्रत चाकी ने स्वदेशी उत्पादों की महत्ता को रेखांकित किया। समापन समारोह को मेला संयोजक किशोर पारेख ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में मेला संचालक श्याम सोमानी ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्वदेशी मेले ने बस्तर में न केवल व्यापार और रोजगार का मंच दिया, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन के दिल में और गहराई से स्थापित किया।

### किरंदुल परियोजना को....

संतुलन एवं वृहद वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसे पर्यावरणीय क्षेत्रों कईं उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में देहरादून उत्तराखंड में आयोजित फेम नेशनल अवार्ड-2025 समारोह में किरंदुल परियोजना को पर्यावरणीय क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों की उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड परियोजना की ओर से अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक पर्यावरण ने ग्रहण किया। प्राप्त अवार्ड को 10 अक्टूबर को किरंदुल में परियोजना प्रमुख को सौंपा गया। इस अवसर पर केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एसके कोचर, महाप्रबंधक खनन, डीआर वेंकटेश्वर्लू, उप महाप्रबंधक एमपी उपस्थित थे। अवार्ड प्राप्त होने पर परियोजना प्रमुख ने खुशी जाहिर करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

## देउरगांव मटनार बैराज की स्वीकृति का स्वागत, 3 अन्य बैराज का क्या हुआ : कश्यप



**जगदलपुर।** देऊरगांव और मटनार निर्माण करने पर बस्तर जिले के किसानो को फसल एवं सिंचाई करने मे सहलुहित होंगी। सरकार के इस निर्णय का इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति स्वागत करता है। यह सब बस्तरवासियों किसान और आम जनता का प्रयत्न का नतीजा है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय जल संसाधन मंत्री के नाम से भोंड, बेलगांव और जगदलपुर मे बैराज का निर्माण करने ज्ञापन सौंपा गया था उसका क्या हुआ। सरकार ने 8 मांगो में केवल 2 पर ही स्वीकृती दी। इन्द्रावती बचाओ संघर्ष समिति के प्रमुख लखेश्वर कश्यप ने शासन-प्रशासन से यह सवाल पूछा है। उन्होंने कहा समिति द्वारा राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया मांगपत्र क्या कागजो मे ही रहेगा। इस पर कार्यवाही कब होंगी। किसानों एवं आमजनता का अरमान नहीं टूटना चाहिए।

## गढ़िया के भरत बने जिला गौ सेवा समिति के सदस्य



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग ने गौ संरक्षण संवर्धन को लेकर जिला और ब्लॉक स्तर में समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की है। इसमें लोहंडीगुड़ा ब्लाक के गढ़िया के भरत कश्यप को बस्तर जिला स्तरीय समिति में सदस्य नियुक्ति किया गया है। वे सरपंच है अपनी कार्यशैली के साथ क्षेत्र में समाज सेवक के रूप में पहचान है। इस नियुक्ति पर कश्यप ने कहा कि पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे।

# दीदियों की रैली से गूंजा संदेश, हर बेघर को पक्का घर, हमारा अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को जागरूक करने हेतु आज जनपद पंचायत छिंदगढ़, जिला सुकमा में भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लंबित आवासों के त्वरित पूर्णता को सुनिश्चित करना और ग्रामीण परिवारों में पक्के घरों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

यह रैली कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुकमा मुकुन्द ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु ग्राम स्तर पर जनसहभागिता को मजबूत बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

रैली में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , जनपद पंचायत छिंदगढ़ के विभिन्न स्व-सहायता समूहों की क्लस्टर स्तरीय दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीदियों ने साप्ताहिक हाट बाजार क्षेत्र में बैनर, पोस्टर और नारों के माध्यम से लोगों को आवास योजना के लाभ और समय पर निर्माण पूर्ण करने के महत्व से अवगत कराया।

**पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत छिंदगढ़ में जनजागरूकता रैली का आयोजन**



### रैली में गूंजे प्रेरणादायी नारे

हर बेघर को पक्का घर प्रधानमंत्री आवास हमारा अधिकार और समय पर करें आवास पूर्ण, पाएं खुशहाल जीवन कार्यक्रम में एनआरएलएम टीम, जनपद पंचायत अधिकारीगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि क्षेत्र के प्रत्येक पात्र हितग्राही को शीघ्र ही पक्का घर प्रदान किया जाएगा और जिले को "पूर्ण आवासीय जिला" बनाने के लक्ष्य को साकार किया जाएगा। कलेक्टर देवेश ध्रुव ने कहा कि "प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि हर परिवार के सम्मान और स्थायित्व से जुड़ा हुआ मिशन है। प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार बेघर न रहे।

# नदी पार कर नियद नेल्लानार ग्राम बेलनार ,बंगोली पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा ने भौरमगढ़ ब्लॉक के इंद्रावती नदी उस पार सुदूर गांव बेलनार में हाल ही में स्थापित सुरक्षा कैम्प का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन कर क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों पर चर्चा किए साथ ही ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्र के विकास , शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

बेलनार में सुरक्षा कैम्प की स्थापना से नियद नेल्लानार योजना के तहत शामिल गांवों में विकास की रफ्तार तेज होगी और शासन की योजनाएं अब इन क्षेत्रों तक आसानी से पहुँच सकेंगी। इससे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने ग्रामीणों को ग्रामीण विकास की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के छत का आशियाना बनाने प्रेरित किया। नवीन आंगनबाड़ी भवन बन जाने से जिससे स्थानीय बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# दिल को स्वस्थ और हड्डी को मजबूत बनाता है अंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने विश्व अंडा दिवस मनाया । इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंडे के पोषण और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक ने पॉवरपॉइंट प्रस्तुति में छात्र-छात्राओं को अंडों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। जिसमे अंडे का नियमित सेवन आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए, मोतियाबिंद के जोखिम को कम करने, वजन कम करने में, त्वचा और बाल



मुलायम और चमकदार बनाने, शरीर की मांसपेशियों की वृद्धि और मरम्मत के लिए, दिल को स्वस्थ रखने , हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में, हड्डियों को मजबूत बनाने, स्मरणशक्ति बढ़ाने में, गर्भावस्था में महिलाओं के लिए तथा गर्भ में पल रहे शिशु के विकास के लिए आवश्यक होता हैं। टीचिंग असिस्टेंट डॉ. प्रतिभा ताटी ने पॉवरपॉइंट प्रस्तुति में अंडे का पोषण मूल्य, संरचना, संरक्षण, मूल्यवर्धित उत्पाद, भारत में अंडा उत्पादन के बारे में बताया । डॉ. नवीन कुमार साहू ने इसकी थीम शक्तिशाली अंडा प्राकृतिक पोषण से भरपूर के बारे में बताया । प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सहभागी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को प्रमाणपत्र दिया जायेगा । संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितेश कुम्भकार एवं अमन कश्यप सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411







अधिकृत विक्रेता - विजयपाल हीरो, जगदलपुर, सम्पर्क - 79998-33421, 96444-08951
• केशकाल - 98931-99247 • फरसगांव - 99810-09344 • कोण्डागांव - 99938-61888 • बनियागांव - 70009-15198 • भानपुरी - 99810-09491
• नारायणपुर - 94063-71785 • सुकमा - 94252-60291 • बकावण्ड 88898-20424 • चिपावण्ड - 91319-06668 • माकड़ी - 94252-28043